नईदुनिया



# ‘मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया...’

## पद्मा विद्यालय की छात्राओं ने संगीतमयी नृत्य नाटिका के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

भोपाल (काप्र)।

**ग्वालियर में ‘मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया’ लोकगीत की धुन पर स्थानीय शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदान पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही सभी को मतदान जरूर करने का संदेश दिया।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन एवं कमिश्नर ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े सहित कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने इस प्रस्तुति की सराहना की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी को लोकतंत्र के महापर्व 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की शपथ दिलाई। साथ ही स्वयं वोट डालने एवं अपने परिजनों, मित्रों व पड़ोसियों को मतदान के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत बुधवार को तानसेन रेसीडेंसी, ग्वालियर में हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में यह प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सेना, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विवेक श्रोत्रिय, स्थानीय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के वरिष्ठ व युवा मतदाता मौजूद थे।

### सभी बढ़-चढ़कर मतदान करें : राजन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि मतदान करने में ग्वालियर जिला पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हम सभी को वोट के माध्यम से सरकार चुनने का अधिकार है। हम सभी को अपने वोट का उपयोग करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में सभी बढ़-चढ़कर मतदान के लिये आगे आएं। सभी लोग न केवल स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

### कामाक्षी बनीं ग्वालियर की ब्रांड एम्बेसडर

पद्मा विद्यालय ग्वालियर के आचार्य बृजेश यादव के निर्देशन व छात्रा कु. कामाक्षी की कोरियोग्राफी में महिलाओं द्वारा संचालित पिंक बूथ सहित मतदान के महत्व को रेखांकित प्रस्तुति को सभी की खूब सराहना मिली। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने इस उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर कु. कामाक्षी को स्वीप का ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि जिले में जगह-जगह इस नृत्य नाटिका का मंचन कराकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित कराया जायेगा।




### प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान के बेहतर प्रतिशत के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि https://mp.mygov.in/ पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागी गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रविष्टि भेज सकेंगे।

विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार- रु. 51,000 एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार- रु. 21,000 एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार- रु. 11,000 एवं प्रमाण पत्र, 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### 37 दिन में 244 करोड़ से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 22 अप्रैल तक 19 करोड़ 54 लाख 85 हजार 81 रुपये नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख 10 हजार 762 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी है। लोकसभा निर्वाचन-2019 में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता अवधि में मात्र 37 दिन में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य की विभिन्न अवांछित सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। 22 अप्रैल तक 22 लाख 72 हजार 657 लीटर से अधिक मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 77 लाख 34 हजार 911 रुपये है। इसी तरह 22 करोड़ 23 लाख 46 हजार 953 रुपये मूल्य के 16 हजार 715 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 11 करोड़ 59 लाख 64 हजार 619 रुपये मूल्य की 2 हजार 144 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 157 करोड़ 39 लाख 79 हजार 198 रुपये मूल्य की अन्य मूल्यवान सामग्री भी जब्त की गई हैं।

# कांग्रेस गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने खरगोन एवं सागर में जनसभा को किया संबोधित

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र पटेल के समर्थन एवं सागर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में बड़तुमा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इकोनॉमिक सर्वे कराने की बात कही है।**

कांग्रेस इकोनॉमिक सर्वे कराकर गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने 1974 में सीलिंग एक्ट लाकर किसानों की जमीन छीनने का काम भी किया था। घमंडिया गठबंधन के नेताओं को अपने-अपने परिजनों की चिंता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता है। देश को मान-सम्मान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2013 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी यह बोला था कि इस देश पर पहला हक मुसलमानों का है। कितना दुर्भाग्य है कि कांग्रेस हमेशा से हिन्दू-मुसलमानों के बीच में फूट डालकर शासन करती रही। घमंडिया गठबंधन के लोग पानी पी-पीकर रोज एकमात्र व्यक्ति को गाली देते हैं। उन्हें कोई और नहीं मिलता। सोनिया गांधी इसलिए गाली देती हैं कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, लालू यादव इसलिए गाली दे रहे हैं कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, ममता बनर्जी इसलिए गाली देती हैं कि उनके भतीजे को आगे नहीं आने दे रहे हैं। यह सभी अपने - अपने खानदान को आगे बढ़ाने के लिए निकले हैं। इन्हें देश की चिंता नहीं है। देश और देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। वे भारत को मान-सम्मान दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र राठौर, बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव, श्याम वर्डे, सुभाष कोठारी, महेंद्र सिंह हाड़ा, राजेंद्र यादव, चंदर सिंह, अंतर सिंह, लोकेश शुक्ला, आत्माराम पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सागर के बड़तुमा में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, भूपेंद्र सिंह ठकुर, मुकेश चतुर्वेदी, राजबहादुर, गौरव सिरोठिया, श्रीमती संगीता तिवारी, श्रीमती सुधा जैन, डॉ विनोद पंथी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कब पूरी होगी मोदी की गारंटी : कांग्रेस

## कांग्रेस नेता जीतू पटवारी और विवेक तन्खा ने भाजपा पर बोला हमला

भोपाल (काप्र)।

**लोकसभा चुनाव के बीच बुधवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर हमला बोला। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने संयुक्त पत्रकार वार्ता की। पटवारी ने पीएम मोदी से सवाल पूछे हैं।**

सचिवालय में आग कैसे लगी? मप्र में मोदी की गारंटी कब पूरी होगी? भ्रष्ट लोगों पर मुकदमे की अनुमति कब मिलेगी? शराब माफियाओं को चंदे के बाद क्यों छोड़ दिया गया? वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा- आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसे केवल जनता चुनाव में वोट डाल कर बचा सकती है। आखिर, बीजेपी 400 पार का नारा इसीलिए लगा रही है, क्योंकि बीजेपी संविधान में बदलाव करना चाहती है। जबकि, भारत का संविधान एक बेहतरीन संविधान है। भारत का संविधान लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, पर आज कोई खुल कर बोल नहीं सकता है। पटवारी ने कहा कि देश में कथित अमृतकाल चल रहा है एवं इसमें संविधान, बाबासाहब अंबेडकर के विचार, वोट का अधिकार एवं मीडिया की आजादी बचाने की लड़ाई चल रही है। मोदी जी के शासनकाल में 17 सरकारें गिराई गईं, 500 से ज्यादा विधायक एवं कई सांसद इधर-उधर हुए। जैसे शराब माफिया, भू माफिया, शिक्षा माफिया होते हैं वैसे ही भाजपा अब सरकार माफिया बन गई है।

श्री पटवारी ने कहा कि क्योंकि प्रधानमंत्री आज रोड शो कर रहे हैं इसलिए, अब वे शोमैन हो गए हैं। भाजपा कहती है कि वे भगवान के अवतार हैं, मुख्यमंत्री ने उन्हें बजरंग बली का अवतार बताया तो बजरंग बली के अवतार यह बताएं कि मध्य प्रदेश की 1.29 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपए ट्रांसफर किए जा रहे थे और चुनाव के बाद 3000 प्रतिमाह की मोदी की गारंटी के लिए क्या किया जा रहा है? सरकार यह पैसा कब से देना शुरू करेगी? भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत कहा था कि लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा। इन्हें यह लाभ कब मिलेगा?



# आठ हजार कांग्रेसी आज थामेंगे भाजपा का हाथ

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में गुरूवार को इंदौर में हजारों कांग्रेसी भाजपा की सदस्यता लेने जा रहे हैं। इनमें तीन कांग्रेसी पार्षदों के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से भी कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। ये सभी संजय शुक्ला और विशाल पटेल समर्थक बताए जा रहे हैं।**

इसके पीछे भाजपा के कद्दावर नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की रणनीति बताई जा रही है। पहले दावा किया जा रहा था कि 10 हजार कांग्रेसी भाजपा में शामिल होंगे, लेकिन अब 8 हजार की बात कही जा रही है। लंबे समय से कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा भाजपा में शामिल होने की बातें सामने आ रही थीं। इस पर से कल सस्पेंस हट जाएगा वैसे भाजपा दावा कर रही है कि कांग्रेस को कल जोर का झटका दिया जाएगा। कांग्रेस के कई नेता भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं और इसमें कांग्रेस के तीन वर्तमान पार्षद भी शामिल हैं, जिसमें शिवम यादव, ममता सुनेर और यशस्वी पटेल के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि तीनों ने भाजपा में शामिल होने के मामले में चुप्पी साध रखी है, वहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाई गई साक्षी शुक्ला का नाम भी चल रहा है, लेकिन उनके समर्थकों का कहना है कि वे जिस परिवार से ताल्लुक रखती हैं, उसको छोड़कर नहीं जाएंगी। वैसे साक्षी संजय शुक्ला के करीबी समर्थकों में जानी जाती हैं और वे भाजपा में जाएंगी या नहीं, ये कल ही तय हो पाएगा। इसके अलावा कई पूर्व पार्षदों के नाम भी सामने आ रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र देपालपुर से भी कांग्रेस का एक बड़ा कुनबा तोडने की तैयारी हैं। इसमें कई पंच-सरपंच सहित पूर्व पंचायत सदस्य भी शामिल हैं। भाजपा इसकी सूची तैयार कर रही है जो आज शामतक तैयार हो जाएगी और कल मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में इन्हें भाजपाई दुपट्टा पहनाया जाएगा।

# कांग्रेस का होल्ड या विक्रम अहाके बोल्ड

भोपाल (काप्र)।

**राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। यही हाल वर्तमान में छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके का हो रहा है। जब वे नगर निगम चुनाव में कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी बने, उस समय उनकी गरीबी से राजनीति में आए युवक, कंधे पर लकड़ी काटते हुए तस्वीर ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।**

महापौर बनने के बाद वे प्रदेश से लेकर देश के मीडिया में भी छाए रहे। हालांकि नगर निगम के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान उनका प्रदर्शन सतही रहा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने पर जैसे-तैसे संचालन किया जाता रहा। वहीं निगम के एक दर्जन से अधिक कांग्रेस पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के उपरांत जब माना जा रहा था कि महापौर कांग्रेस के साथ ही रहेंगे, तब एकाएक वे राजधानी पहुंच भाजपा में शामिल हो गए। एक अप्रैल को भाजपा की सदस्यता लेने के बाद यह उनका दूरगामी कदम माना जा रहा था। लेकिन मतदान के दिन सुबह 11 बजे उनका एक वीडियो जारी हुआ, जिसमें उन्होंने भाजपा में घुटन महसूस होने का दावा कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का आग्रह किया। माना जा रहा था कि उनके इस कदम के बाद वे दोबारा कांग्रेस में शामिल हो सकेंगें, लेकिन बताया जा रहा है कि उन्होंने भाजपा तो छोड दी है, लेकिन उनकी कांग्रेस में वापसी नहीं हो सकी है। ऐसे में वे अभी कांग्रेस में वापसी के लिए होल्ड पर है। इसके बाद इस बात की चर्चा जोरों पर है कि क्या महापौर अपने त्वरित निर्णय के कारण क्लीन बोल्ड या हिट विकेट तो नहीं हो गए हैं। दरअसल कांग्रेस नगर निगम में जहां बहुमत खो चुकी है, वहीं कांग्रेस में भी वापसी नहीं होने से वे शहर की राजनीति में अलग थलग नजर आ सकते है, ऐसे में वर्तमान की स्थिति में यह कहना गलत नहीं होगा कि कहीं यह निर्णय भारी न पड़ जाए।

# मुरैना में नरेन्द्र मोदी आज, प्रियंका की सभा दो मई को

भोपाल (काप्र)।

**खंडवा, हरदा में सभा और भोपाल में रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डेढ़ माह में छठवीं बार प्रदेश के मुरैना आएंगे। चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्वालियर-चंबल अंचल में यह उनका पहला कार्यक्रम होगा।**

कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा भी मुरैना में सभा करेंगी। वे दो मई को आएंगी। लोकसभा चुनाव में यह उनकी प्रदेश में पहली सभा होगी। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साढ़े 11 बजे मुरैना पहुंचकर सभा को संबोधित करेंगे। यहां वे करीब 40 मिनट रहेंगे। उधर, प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव अभियान के अंतर्गत प्रदेश में पहली बार आ रही हैं। इसके लिए मुरैना में सभा रखी गई है। विधानसभा चुनाव में प्रियंका ने महाकोशल से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। वहीं, राहुल गांधी का मालवांचल में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। यहां की आठ सीटों पर अंतिम चरण यानी 13 मई को मतदान होना है।

2 मई को कांग्रेस नेत्री मुरैना में रोड शो करेंगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का रोड शो करीब 3 किलोमीटर का रहेगा। यह रोड शो बेरियल चौराहे से पुल चौराहे तक रहेगा। इस दौरान प्रियंका गांधी जनता को संबोधित करेंगी। गौरतबल है कि 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा सीट पर मतदान होंगे। इसके पहले प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

### अमित शाह कल राजगढ़ में

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को राजगढ़ आएंगे। इस दौरान वे भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में खिलचीपुर के स्टेडियम ग्राउंड पर दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री की सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को दोपहर 12 बजे हेलिकॉप्टर से खिलचीपुर आएंगे। मेला ग्राउंड पर हेली पेड बनाया गया है। जहां गृहमंत्री उतरेंगे और यह से सीधे वो कार से स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम स्थल पहुचेंगे। यह वो एक से डेढ़ घण्टे रुकेंगे।

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से 23 अप्रैल, तक ऑनलाइन भरे गये। बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है।

अब बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि 25 जुलाई तय की गई थी। इस तिथि को बढ़ाकर अब 31 जुलाई निर्धारित किया गया है।